हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026



06 कचरा-खून से परेशान मोहल्लेवासी रमजान से पहले हटाने...



07 100 वर्ष पूरे, एक सदी के इतिहास को समेटने के नहीं हुए कोई प्रयास



## समाचार संक्षेप

### शहर में प्रातः 6 से रात्रि 11 बजे तक माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**गुना** । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रतिवेदन के आधार पर शहर में दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशानुसार गुना शहर की सीमा में प्रतिबंधित अवधि में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक लदान रहित 7.05 टन से अधिक वजन वाले भारी माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त वर्णित माल वाहन मारुति शोरूम, भुल्लनपुरा, बूढ़े बालाजी एवं हनुमान चौराहा से शहर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। अशोकनगर की ओर से आने-जाने वाले मालवाहन बिलोनिया बायपास नानाखेड़ी मंडी गेट हनुमान चौराहा - कैंट चौराहा मार्ग से ही आवागमन करेंगे तथा प्रतिबंधित समय में नानाखेड़ी मंडी को छोड़कर अन्य आंतरिक मार्गों में प्रवेश नहीं करेंगे। स्कूल बसें, विद्यालय/ महाविद्यालय की पुस्तकें/ कागज, पेट्रोल/ डीजल/ केरोसिन/ एल.पी.जी. गैस एवं दूध आपूर्ति करने वाले वाहन जो शहर के भीतर लोडिंग-अनलोडिंग के लिये आते हैं, उन्हें प्रतिबंध से छूट रहेगी। व्यावसायिक कार्य में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 11 बजे तक वर्जित रहेगा।किसी विशेष परिस्थिति में किसी भारी वाहन को शहर में प्रवेश की अनुमति अपर जिला दण्डाधिकारी अथवा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), गुना द्वारा दी जा सकेगी। प्रतिबंधित घोषित किये गये क्षेत्र में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 116 के अन्तर्गत नियमों का पालन किये जाने हेतु उक्त मार्गों के प्रवेश स्थान पर आवश्यक सूचना सहज गोचर स्थानों पर लगाये जायेगें। तथा उक्त आदेश का क्रियान्वयन किये जाने हेतु यातायात पुलिस की तैनाती करते हुए भारी वाहनों के प्रवेश को रोका जायेगा।उक्त आदेश लोकहित में पारित किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी दिनांक 14 मार्च तक प्रभावशील रहेगा।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाईः गांजा तस्कर व 4.28 किग्रा. गांजा समेत महिला गिरफ्तार

गुना। आरोन थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है । 12-13 फरवरी की दरम्यानी रात आरोन थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उरजनयाई स्थित सुगनयाई तिराहे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास एक महिला नशीला पदार्थ गांजा लेकर किसी वाहन के इंतजार में खड़ी है । थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी की सूचना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए तस्कर पर कार्यवाही हेतु आरोन थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, जहां पर मुखबिर के बताए हुलिए की महिला हाथ में बैग लिए खड़ी मिली, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ में उसने अपना नाम अख्तरी उर्फ लटूरी बाई पत्नि अजीज खांन उम्र 60 साल निवासी ग्राम रामपुर थाना आरोन जिला गुना की बताया एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे में मिले बैग से 4.28 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये का बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने विधिवत जब्त कर आरोपिया को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध आरोन थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में प्रारंभ की गई है । आरोपिया के गांजा तस्करी से जुड़े अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क के संबंध में पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है ।नशा मुक्त गुना जिला अभियान के अंतर्गत गुना पुलिस पूर्ण प्रतिबद्धता एवं सख्ती के साथ निरंतर कार्यवाही कर रही है । आरोन थाना पुलिस की यह कार्यवाही नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।

### महिला पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार नगर पालिका कर्मचारी निलंबित

**गुना।** नगर पालिका परिषद् कार्यालय में आयोजित परिषद् बैठक के दौरान शराब के नशे में पहुंचकर महिला पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार करने के आरोप में एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। बताया गया कि कर्मचारी बिना अनुमति बैठक कक्ष में प्रवेश कर गया था। पूर्व में भी कार्यालय द्वारा मादक पदार्थों के सेवन को लेकर चेतावनी दी जा चुकी थी, बावजूद इसके निर्देशों का पालन नहीं किया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1961 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता दिया जाएगा तथा आरोप पत्र पृथक से जारी किए जाएंगे।

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता में निर्णायक है केंद्र सरकार का प्रस्तुत बजट

## भाजपा जिला अध्यक्ष, विधायक और नपाध्यक्ष सहित नेत्रियों ने अपने विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में स्थानीय कलमकार कॉलोनी में स्थित एक कॉलेज में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा है कि केंद्र सरकार लगातार ऐसे बजट प्रस्तुत कर रही है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में बजट के माध्यम से महिलाओं के स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इस दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने बजट पर कहा कि महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि वे समाज में सम्मानजनक और निर्णायक भूमिका निभाने में सक्षम हुई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि बजट में जो 53.47 लाख करोड़ का प्रावधान किया है यह सराहनीय है ।10000 करोड़ का प्रावधान स्वास्थ्य सेवाओं के लिए है। बजट में राज्यों के विकास की योजनाएं हैं ।लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा । बजट में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं हैं और लखपति दीदी महिला आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण है । इस दौरान मुख्य वक्ता वंदना मांडरे ने कहा कि बजट में 28 हज़ार करोड़ रुपए से ज्यादा महिलाओं के लिए प्रावधान किया है। हर जिले में बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा से दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।







## हिस्सेदारों का आपस में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है

# घर में घुसकर बाप-बेटी पर तेजाब डाला, फिर पुलिस के सामने पीटा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की सोनी कालोनी में दोपहर में आपसी झगड़े का हैरत अंगेज मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला सहित कुछ लोगों पर घर में घुसकर न केवल तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोप है, बल्कि इस दौरान घर में सफाई के लिए रखी तेजाब की बोतल खोलकर 26 वर्षीय युवती पर उड़ेल ने की बात भी कही गई, जिससे उसके कपड़े जल जाने के साथ ही अंग भी चोटिल हुए हैं। इस दौरान बेटी को बचाने के फेर में पिता के कपड़े भी जल गए। पूरे मामले में हैरत की बात यह है बाप बेटी जब इस आशय की शिकायत करने के लिए शहर कोतवाली पहुंचे तो पीछे से आकर आरोपियों ने फरियादी से पुलिस के सामने ही मारपीट कर डाली।

फरियादी पहले से पैरालाइसिस का मरीज है। यह पूरा मामला आपसी लेनदेन और हिसाब किताब से जुड़ा बताया जा रहा है। सोनी कॉलोनी में स्थित राजीव गांधी पार्क के सामने एक मल्टी में अरविंद जैन रहते हैं, यह पूरी प्रोपर्टी कुछ अन्य लोगों के साथ हिस्सेदारी में है। इसी पर से सभी हिस्सेदारों का आपस में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।

इन सभी के बीच विगत 4फरवरी को बनी सहमति के आधार पर हिस्सा बांट भी तय हो गया था, लेकिन इस सहमति पर अन्य हिस्सेदार कायम नहीं रह पाए। नतीजा दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया। इस संदर्भमें अरविंद जैन ने शहर कोतवाली में बताया कि जगदीश राठौर, रुचि जैन, कुसुम राठौर, ओम प्रकाश राठौर आदि दोपहर में लगभग 12 बजे उनके घर में घुस आए और इन सभी ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी थी, जिससे मना करने पर इन सभी ने उनके साथ-साथ परिवार के सदस्यों सेभी मारपीट करना शुरू कर दिया। यही नहीं इस दौरान आरोपियों ने उनके घर में सफाई के लिए रखी तेजाब की बोतल खोलकर उसमें से तेजाब उनकी 26 वर्षीय बेटी पर उड़ेल दिया, यह देख खुद उन्होंने किसी तरह हाथ लगाकार बेटी को बचाने के प्रयास किए। लेकिन इस दौरान उसके कपड़े तेजाब से जल गए, साथ ही शरीर पर भी तेजाब के कारण चोटें आई हैं। इस दौरान खुद उनके कपड़े और हाथ भी जल गए।

शोरगुल के बीच मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए थे, जिस पर से उक्त सभी लोग भाग निकले। इसी बीच पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। जिसके द्वारा कहे जाने पर वे बेटी को लेकर शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे थे, लेकिन उनके पीछे पीछे आकर इन सभी ने पुलिस के सामने ही उन पर हमला करते हुए मारपीट कर डाली, पुलिस ने ही उन्हें बचाया है। अरविंद के अनुसार इसके पहले आरोपियों ने बीती रात ना केवल उनके घर की लाइट काट दी थी, बल्कि इस दौरान पानी के लिए लगे जेट का कनेक्शन भी विच्छेदित कर पूरी की पूरी लाइन उखाड़ दी थी। यह सब उन्हें जानबूझ कर प्रताड़ित करने के उद्देश्य से किया गया।

पुलिस से शिकायत करते हुए अरविंद जैन ने आरोपियों पर उनके हिस्से की प्रॉपर्टी जबरिया हड़पने के प्रयास करने के आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान फरियादी ने विगत 4 फरवरी को आपस में हुए समझौते की प्रति बताते हुए कहा कि उक्त सभी लोग सहमति बन जाने के बाद भी उससे पलट कर किसी भी तरह उनके हक की प्रॉपर्टी हड़पने के प्रयास में हैं और इसलिए बेटी पर तेजाब डालकर उसे जान से मारने की कोशिश की गई है। इस बेटी का विवाह तय हो गया है और आगामी मार्च माह में उसकी शादी होना तय हुआ है। पुलिस द्वारा फरियादी अरविंद जैन की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# नदी किनारे आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई,अवैध मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत्त राघौगढ़ के प्रभारी मोहनीष शर्मा द्वारा ग्राम भड़ेर नदी किनारे, ग्राम मालिया एवं बरखेड़ा में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A एवं 34(1)F के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में कुल 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 400 किलो ग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया, लाने की असमर्थता के कारण लाहन को सैंपल लेकर मौके पर ही नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 65000 रुपये है।उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर महिला आरक्षक जेम्मा एक्का एवं होम गार्ड सैनिक महेश पिल्लई की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्रवाई में सजगता दिखा रहा है।



# नानाखेड़ी रोड पर यात्री बसों का विशेष चेकिंग अभियान, 7 बसों पर चालानी कार्रवाई, 21,000 रुपए जुर्माना अधिरोपित




## सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर 24 घंटे में सुधार के निर्देश अन्यथा होगी कठोर वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में आज ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह द्वारा अपने ट्रैफिक बल के साथ नानाखेड़ी क्षेत्र में हाईवे बायपास के पास यात्री बसों की सघन एवं विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बसों में उपलब्ध आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना रहा, जिससे आम नागरिक सुरक्षित एवं निश्चिंत होकर यात्रा कर सकें ।

चेकिंग के दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे फायर सिलेंडर की उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति, इमरजेंसी विंडो की सुचारु व्यवस्था तथा मेडिकल बॉक्स की उपलब्धता आदि की बारीकी से जांच की गई । इस दौरान लगभग 8-10 बसों का निरीक्षण किया गया, जिसमें केवल बॉबी ट्रैवल्स की बस सभी सुरक्षा मानकों पर पूर्णतः सही पाई गई । वहीं भदावर ट्रैवल्स, सिकरवार ट्रैवल्स सहित अन्य बसों में उक्त बिंदुओं पर गंभीर कमियां पाई गईं, जो यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत चिंताजनक हैं ।यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जाने के स्पष्ट संदेश के साथ लापरवाही बरतते पाई गईं 07 बसों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत विधिवत चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 21,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया । ट्रैफिक थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह द्वारा संबंधित बस संचालकों एवं चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि 24 घंटे के भीतर सभी कमियों को दूर कर बसों को पूर्णतः सुरक्षित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करें । निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित बसों को थाने में खड़ा कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा आगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी । इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बस संचालकों को समझाइश दी गई कि यात्रियों की सुरक्षा केवल कानूनी दायित्व ही नहीं बल्कि उनकी नैतिक जिम्मेदारी भी है । ट्रैफिक पुलिस द्वारा आगे भी इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान एवं जनजागरूकता गतिविधियां निरंतर जारी रखी जाएंगी, जिससे शहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके, जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके ।

## जिले में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। कक्षा 12वीं के अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, एनिमल हसबेंडरी, विज्ञान के तत्व और भारतीय कला विषय की परीक्षा हुई, जबकि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने उर्दू विषय का प्रश्न पत्र हल किया।जिले में कुल 52 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। कुल 10,526 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से 10,252 विद्यार्थी उपस्थित रहे। तथा 201 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। साथ ही किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण सामने नहीं आया।कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के मार्गदर्शन में पिछले दो महीनों से की जा रही तैयारियों का असर परीक्षा केंद्रों पर दिखाई दिया। जिले में आज 52 केंद्रों में से 9 संवेदनशील केंद्रों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। इन केंद्रों पर श्रेणी-1 और श्रेणी-2 के अधिकारियों को आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया था, जिनकी सीधी निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक थाने पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रश्न पत्र थानों से निकालने और केंद्राध्यक्षों को सौंपने की पूरी प्रक्रिया इन्हीं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिले में नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर द्वारा तीन विशेष उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो निरंतर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

## नगर पालिका परिषद गुना की साधारण सभा की बैठक हंगामे के बीच संपन्न

# नपा के सम्मेलन में 9 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित, तीन प्रस्ताव विरोध के बाद गिरे

एजेंडा क्रमांक 9, 10, 11 को अगली बैठक में चर्चा हेतु रखा गया है। विषय क्रमांक 10 स्वच्छ सर्वेक्षण होने तक इसी कंपनी को रखा जाए ,उसके बाद अगली बैठक में चर्चा की जाएगी । बिंदु क्रमांक 2 एवं 3 पर मतदान हुआ जिसमें 18 विरुद्ध 17 से बहुमत मिला ।

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





नगर पालिका परिषद गुना की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शहर के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं को केंद्र में रखकर आयोजित इस बैठक में कुल 14 एजेंडे रखे गए थे। भारी हंगामे और कुछ पार्षदों के विरोध के बावजूद नपाध्यक्ष की विकासोन्मुखी सोच की जीत हुई और परिषद ने बहुमत के साथ 9 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने पार्षदों को मर्यादित व्यवहार और शहर हित में सोचने की नसीहत दी।सम्मेलन की शुरुआत से ही नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि परिषद का मुख्य उद्देश्य राजनीति से ऊपर उठकर शहर का कायाकल्प करना है। बैठक के दौरान जलसंकट के समाधान हेतु बिंदु क्रमांक-1 पर चर्चा हुई, जिसमें गर्मी के मौसम में सुचारू जलप्रदाय और नई कार्ययोजना को लेकर 20 पार्षदों के भारी बहुमत से प्रस्ताव पारित किया गया। हालांकि नेता प्रतिपक्ष द्वारा इसका विरोध किया गया, लेकिन शहर की प्यास बुझाने के संकल्प के आगे विरोध बेअसर रहा। इसी तरह बिंदु क्रमांक-4 पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए हाट बाजार का नामकरण अटल बाजार करने का गौरवपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया।

बैठक में विकास कार्यों की गति को धार देने के लिए गीता भवन निर्माण (बिंदु-6) और अन्य निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। बिंदु क्रमांक 7, 8 और 9 को परिषद ने सर्वसम्मति से हरी झंडी दिखाई, जिसमें डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर गौरवपूर्ण प्रस्ताव भी शामिल रहा। सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में बिंदु-12 के तहत लोको उत्सव को प्रतिवर्ष आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। वहीं, कुछ तकनीकी कारणों और पार्षदों की असहमति के चलते मारुति शोरूम से नानाखेड़ी मंडी तक के डामरीकरण सहित तीन प्रस्तावों को फिलहाल नामंजूर किया गया, जबकि तीन अन्य विषयों को अगली बैठक के लिए सुरक्षित रखा गया है।सम्मेलन के दौरान पार्षद तरुण मालवीय ने दूरदर्शी सोच का परिचय देते हुए रेलवे को बल्क वाटर कनेक्शन देने के प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने इसे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की आगामी 55 वर्षों की योजनाबद्ध कार्ययोजना का हिस्सा बताते हुए कहा कि इससे रेल यात्रियों को सुविधा मिलेगी और गुना को भविष्य में नई ट्रेनों की सौगात मिल सकेगी। मालवीय ने शहर की सडक़ों पर हुए त्वरित पेचवर्क के लिए नपाध्यक्ष और सीएमओ का आभार व्यक्त करते हुए अपने वार्ड के लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने की मांग भी रखी।विधायक पन्नालाल शाक्य ने बैठक में पार्षदों के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें शालीनता से अपनी बात रखने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि व्यक्तिगत रंजिश के बजाय पार्षदों को शहर के विकास पर ध्यान देना चाहिए। अंत में सीएमओ मंजूषा खत्री ने बताया कि परिषद ने 9 प्रस्तावों को मंजूरी दी है और विधायक जी के सुझावों पर अमल करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए पूरी टीम मुस्तैदी से काम करेगी। नपाध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता ने सभी स्वीकृत प्रस्तावों को जल्द धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया।

## सामाजिक सौहार्द की मिसाल बना बंटी बना का क्षेत्रीय प्रवास, शादियों, सत्संग व सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर बांटा अपनापन



**आरोन।** सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए हीरेंद्र सिंह बंटी बना अपने एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रवास पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए और क्षेत्र के स्नेही परिवारों के बीच पहुंचकर परंपराओं का निर्वहन किया।प्रवास के दौरान वे श्री राम जानकी गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में पहुंचे, जहां देहरी कला के धाकड़ परिवार एवं आनंद डेरी वाले रामेश्वर कर ओझा के पारिवारिक आयोजन में शामिल होकर स्वजनों से भेंट की। इसके बाद उन्होंने श्री राम मैरिज गार्डन में भी विवाह समारोह में उपस्थित होकर नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं।वहीं ग्राम गेहूं खेड़ा पहुंचकर स्वर्गीय ब्रह्म दास सूर्यवंशी की पुण्य स्मृति में आयोजित गंगा पूजन, सत्संग कार्यक्रम एवं सामाजिक सहभोज भंडारे में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय ब्रह्म दास सूर्यवंशी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों से भेंट की और हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया। समाज बंधुओं के साथ सद्भावपूर्ण चर्चा कर सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।इसके बाद वे ग्राम पतलेश्वर में अपने प्रिय कार्यकर्ता महेश अहिरवार के निवास पहुंचे, जहां ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता कमल किशोर शर्मा के साथ चाय पर आत्मीय चर्चा करते हुए सम्मान स्वल्पाहार भी ग्रहण किया।क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। शादियों की व्यस्तता के बावजूद दो दर्जन से अधिक वाहनों के साथ कार्यकर्ता उनके साथ रहे और जगह-जगह स्वागत किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और जोश ने आगामी समय की राजनीतिक एवं सामाजिक सक्रियता की झलक भी दिखाई।अंत में सुरजीत सिंह धाकड़ ने सभी कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों को समाज की एकता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## विधायक जयवर्धन सिंह ने शादी समारोह में पहुंचकर दी शुभकामनाएं, गुना-अशोकनगर में जनता के बीच निभाया आत्मीय रिश्ता

**आरोन।** क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह अपनी विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ गुना और अशोकनगर जिले में आयोजित विभिन्न शादी समारोहों में शामिल हुए और नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवारजनों को भी इस शुभ अवसर पर बधाई संदेश प्रेषित किए।आरोन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने



जानकारी देते हुए बताया कि विधायक जयवर्धन सिंह क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद श्री सिंह जनता को अपना परिवार मानते हैं और हर खुशी के मौके पर पहुंचकर लोगों को आशीर्वाद देते हैं।वहीं विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का हाल ही में गुना जिले में आगमन हुआ था। कार्यक्रमों की अधिकता के चलते श्री सिंह ने कुछ समारोहों में व्यक्तिगत रूप से शामिल न हो पाने पर अपने प्रतिनिधियों और दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कीं।बताया गया कि विधायक ने अपने गृह क्षेत्र के साथ-साथ गुना जिला और अशोकनगर जिला में आयोजित विवाह समारोहों में सहभागिता कर सामाजिक संबंधों को मजबूत किया और क्षेत्रीय जनता से निरंतर जुड़ाव बनाए ।

### प्रशासन की नाक के नीचे फिर सज गया मीट मार्केट

# कचरा-खून से परेशान मोहल्लेवासी रमजान से पहले हटाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में बस स्टैंड के पीछे अवैध रूप से लगने वाला मीट मार्केट एक बार फिर लोगों के आक्रोश का कारण बन गया है। कलेक्टर के आदेश और कई बार प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद बाजार दोबारा स्थापित हो जाता है, जिससे आसपास के रहवासियों, धार्मिक स्थलों और राहगीरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों के अनुसार बुधवार और रविवार को यहां विशेष रूप से मीट बाजार लगता है। इसके अगले दिन सुबह पूरा क्षेत्र कचरे का ढेर बन जाता है। बचे हुए मीट के अवशेष, खून और जानवरों के कटे अंग खुले में पड़े रहते हैं, जिससे बदबू फैलती है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।इस क्षेत्र में स्थित मदरसा, काली माता मंदिर और गायत्री मंदिर से जुड़े लोगों और मुस्लिम समाज ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों के पास इस तरह की गंदगी अस्वीकार्य है और प्रशासन को स्थायी समाधान निकालना



चाहिए।स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले कलेक्टर के आदेश पर बस स्टैंड आरोन के पीछे स्थित मीट मार्केट को हटाया गया था, लेकिन कुछ समय बाद वह फिर से लगने लगा। दूसरी बार अधिकारियों की कार्रवाई के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।हाल ही में नगर परिषद आरोन के सीएमओ दिनेश कुमार सोनी और अधिकारी शिवराम दरोगा द्वारा भी इस बाजार पर कार्रवाई की गई थी, मगर इसके बावजूद मीट मार्केट फिर लगने लगा। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।मोहल्लेवासियों और राहगीरों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा। गंदगी के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।वहीं मदरसे के हाफिज ने बताया कि कुछ दिनों बाद रमजान शुरू होने वाले हैं। ऐसे में रोजाना नमाज और शाम को रोजा इफ्तार के दौरान यहां बड़ी संख्या में बच्चे और लोग जुटेंगे। उन्होंने शासन-प्रशासन से विशेष गुजारिश की है कि इस मीट मार्केट को इस स्थान से स्थायी रूप से हटाया जाए ताकि धार्मिक गतिविधियों और बच्चों की सेहत पर कोई विपरीत असर न पड़े।जनता में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का सवाल है कि बार-बार कार्रवाई के बावजूद मीट मार्केट कैसे फिर स्थापित हो जाता है और आखिर कब तक प्रशासन इस समस्या को नजरअंदाज करता रहेगा। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## श्री राम टेकरी तपोभूमिः आस्था और सेवा का प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

ग्राम पंचायत देदला स्थित श्री राम टेकरी तपोभूमि पिछले लगभग 50 वर्षों से क्षेत्र का सिद्ध स्थल एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है। चाचौड़ा, बीनागंज, कुंभराज सहित दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस स्थल को सिद्ध धाम का स्वरूप अभिराम दास जी त्यागी ने प्रदान किया, जिनके सान्निध्य में यहां विशाल मंदिर का निर्माण हुआ।टेकरी परिसर में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र भी संचालित है, जहां प्रदेश एवं अन्य राज्यों से लोग थेरेपी हेतु आते हैं। यहां सात दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा, योग, व्यायाम एवं नियंत्रित आहार की सशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। लगभग 7–8 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ यह केंद्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी पहचान बना रहा है। साथ ही यहां सीबीएसई विद्यालय का संचालन भी किया जा रहा है।महामंडलेश्वर जी के आश्रम देश के विभिन्न स्थानों पर



संचालित हैं, जिनमें केदारनाथ, ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग, खटकिया (कुंभराज), सागर, बड़वानी, इंदौर, बनारस, रामेश्वरम, श्रीरंगम और कन्याकुमारी सहित कई स्थान शामिल हैं। उनके शिष्य देश-विदेश में निवास करते हैं।वर्तमान में 11 फरवरी से महाराज जी टेकरी पर विराजमान हैं। उनके दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 14 फरवरी को कुंभराज में रामार्चन, 17 फरवरी को चोपड़ा आश्रम (बीनागंज) में रामार्चन तथा 22 फरवरी को सागर आश्रम में कार्यक्रम आयोजित होगा।ग्राम देदला परिचयःजनसंख्या लगभग 1500, साक्षरता दर 75 प्रतिशत। मुख्य फसलें धनिया, गेहूं और चना हैं। तालाब से हजारों बीघा भूमि की सिंचाई होती है। गांव जिला मुख्यालय से 50 किमी, तहसील मुख्यालय से 16 किमी तथा लालपुरिया हाईवे से 3 किमी दूर स्थित है।



## चांचौड़ा से पेंची सिंगल रोड अब बनेगा टू-वे रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा.

प्रशासन द्वारा अब चाचौड़ा से पेची सिंगल लेन रोड को डबल लेन रोड करने की तैयारी कर ली है । रवि मालवीय ,अनुभागीय अधिकारी चाचौड़ा की अध्यक्षता में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्लूडी ,एसडीओ पीडब्लूडी और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । जिसमें वर्तमान पेची सिंगल 3 मीटर के रोड को 7 मीटर करने हेतु , राजस्व एवं निजी भूमियों को चिन्हित कर प्राथमिक एस्टीमेट तैयार किया जाएगा, एस्टीमेट की लागत स्वीकृतिकरण हेतु वरिष्ठ कार्यालय को अग्रिम कारवाही हेतु पत्र जारी किया जायेगा । साथ ही रेलवे अंडरपास के स्थान पर ROB निर्माण हेतु प्रथक से करवाई की जा रही हे ।चाचौड़ा को मेन बाईपास से जोड़ने हेतु प्रशासन का यह विशेष प्रयास सराहनीय है ।

# महाशिवरात्रि मेलाः गुना एसपी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

### क्षेत्र की आस्था का प्रतीक बागेश्वर धाम में एसपी व एसडीएम ने किया मेले परिसर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चाचौड़ा के प्रसिद्ध बाग बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में आज गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रवि मालवीय, एसडीओपी मनोज झा, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नगर परिषद के मुख्य अधिकारी ओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा सहित अनुभागीय स्तर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इसमें मंदिर परिसर में साफ-सफाई, दर्शनार्थियों के लिए पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल सुविधा, ड्रॉप गेट, बेरिकेटिंग, दुकानों का आवंटन, गर्भगृह में दर्शनार्थियों के सुचारु मूवमेंट, कंट्रोल



रूम की स्थापना सहित सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान एसपी अंकित सोनी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने और सतत निगरानी के निर्देश भी दिए गए।

उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि का यह मेला चाचौड़ा विधानसभा की एक विशिष्ट पहचान बन चुका है। प्रशासन द्वारा इसे तीन दिवसीय मेला घोषित किया गया है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भगवान वागीशनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने समय रहते मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

### OTR और छात्रवृत्ति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

किशोर कुमार के मार्गदर्शन में एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से हाई सेकेंडरी बालिका स्कूल, बीनागंज में **OTR** और छात्रवृत्ति संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से श्री आशुतोष श्रीवास्तव सहित सभी हाई स्कूल प्राचार्य, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं निजी स्कूलों के संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।प्रशिक्षण का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का 100 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना, सभी विद्यार्थियों का **OTR** तैयार करना तथा उनकी प्रोफाइल पूर्ण करना रहा।कार्यक्रम में **OTR** और छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी गई। आगामी दो दिनों में सभी स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों के **OTR** पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।प्रशिक्षण में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित राकेश कुमार मीना, मनोज कुमारी व्यास, जय प्रकाश शर्मा, मनीष कुमार बर्मा, मनीष कुमार मीना, चंद्रपाल भिलाला एवं पिरामल फाउंडेशन से श्री उधम सिंह लोधी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

पिट लाईन का सहारा लेकर अधिकारी कर रहे हैं गुमराह

## नई ट्रेनों के संचालन के लिए शीघ्र पिट लाइन निर्माण किए जाने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गुना एवं बीना रेलवे स्टेशन पर पिट लाइन की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण इन स्टेशनों से नई रेल गाड़ियों का संचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। जब भी नई ट्रेनो की मांग की जाती है तब हमेशा यहीं कहा जाता है कि पिट लाईन की सुविधा नहीं हैं इस कारण नई ट्रेनों का संचालन नहीं हो सकेगा।

जिन स्टेशनो पर पिट लाइन बनायी गयी जैसे खजुराहो इन स्टेशनो पर बाहर से आयी गाडियो का अनुरक्षण मेंटीनेंस किया जाता है और उन गाडियो को उसी स्टेशन से प्रारंभ किया जा सकता है। इसी विषय को लेकर सुनील आचार्य पूर्व सदस्य रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर शीघ्र पिट लाइन निर्माण करवाए जाने की मांग की है, जिससे कि संसदीय क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिल सके। पत्र में बताया गया है कि गुना और बीना दोनों ही मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हैं, किंतु यहां पिट लाइन न होने के कारण इन स्टेशनों से गाड़ियों का प्रारंभ संभव नहीं हो पाता। परिणाम स्वरूप क्षेत्र के यात्रियों को अन्य स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है। सुनील आचार्य ने अपने पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया है कि पिट लाइन के अभाव में सिरसा-कोटा (खाटू श्याम जी) ट्रेन का संचालन बीना तक नहीं हो पा रहा है। यदि बीना एवं गुना स्टेशन पर आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप पिट लाइन का निर्माण किया जाए तो इस प्रकार की महत्वपूर्ण ट्रेनों का विस्तार संभव हो सकेगा।

उन्होंने मांग की है कि वर्तमान में संचालित गाड़ियों की कोच संख्या (वोगियों) के अनुसार गुना और बीना स्टेशन पर आधुनिक पिट लाइन का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में नई रेल सेवाओं का प्रारंभ भी इन स्टेशनों से किया जा सके। इससे यात्रियों को सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। सुनील आचार्य ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से आग्रह किया है कि वह इस विषय को प्राथमिकता के साथ रेलवे मंत्रालय के समक्ष उठाएं और शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास करें, ताकि गुना संसदीय क्षेत्र की जनता को इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ मिल सके।



### महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली जाएगी शिव बारात

**शाढौरा।** महा शिव रात्रि के पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे में नारायण दास की नगरी शाढौरा में देवादिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ की शिव बारात धूम धाम के साथ 15 फरवरी को निकाली जाएगी। रविवार को सुबह 10 बजे से कुंड मोहल्ला प्राचीन शिव मंदिर (नीलकण्ठेशवर) प्रागड से बारात एक भव्य चल समारोह के साथ शिवमंदिर कुंड मोहल्ला से प्रस्थान करेगी। जो कि कस्बे के मुख्य मार्गो जिनमें कुंजडा मोहल्ला, सदर बाजार, कृष्ण चैराहा, खड़यि मोहल्ला, अस्थल मोहल्ला से होते हुए वापस कुंड मोहल्ला शिव मंदिर पहुंच कर पूजन एवं महादेव की आरती के बाद बारात का समापन किया जाएगा,प्रसाद का वितरण किया जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सभी शिव भक्तों से शिव बारात में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तूमैन निवासी सुमित राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल और लक्की शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी गीता बाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिमोनिया निवासी बीरन बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू, सुरेन्द्र और रमेश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ़ निवासी नथन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शीला और रघुवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शांतपुर निवासी गीताबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## भैंसरवास में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

ग्राम भैंसरवास में शुक्रवार को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा चिकित्सालय के सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस नेत्र शिविर में 110 से अधिक ग्रामीणजनों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जांच के उपरांत 44 से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु लेटेरी (जिला विदिशा) स्थित ट्रस्ट के चिकित्सालय में निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से भेजा गया, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय स्वयं उपस्थित रहे और ग्रामीणों के साथ अपनी आंखों की जांच कराकर जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का मूल दायित्व है।



यह शिविर ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं नेत्र रोग निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल सिद्ध हुआ है। इस सफल आयोजन हेतु श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, चिकित्सकीय दल,प्रशासन, स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समस्त सहयोगी स्नेही जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंजी हरिबाबू राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, जयपाल सिंह यादव, गोपाल कौल, वली सिंह, युवा अध्यक्ष ज्योतिष जादौन, अमन महराज, अंकित छारी, राहुल जादौन, राहुल पंडा, अनुज, सरवन कुशवाह, अमित जादौन, राजू जादौन, ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## एसपी ने करीला मेले की सुरक्षा के साथ सुविधाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक द्वारा करीला मेले को लेकर सुरक्षा, मंदिर स्थल, यातायात आदि की मौके पर समीक्षा की गई। उक्त आयोजन में जिले सहित प्रदेश एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं का विशेष रूप से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर प्रांगण, मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल, अस्थायी दुकानों के स्थान, मेला परिसर, कंट्रोल रूम स्थल एवं संवेदनशील बिंदुओं का गहन अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला पुलिस बल की विशेष व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन कैमरे से निगरानी, अस्थायी पुलिस सहायता केंद्रों की स्थापना, लाउडस्पीकर प्रणाली के माध्यम से जन-सूचना प्रसारण तथा खोया-पाया केंद्र की स्थापना



के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु अलग- अलग पार्किंग स्थलों का निर्धारण, भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग, डायवर्जन प्लान तथा ट्रैफिक पुलिस बल की विशेष तैनाती करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान, रक्षित निरीक्षक अशोकनगर शिवमंगल सिंह, निरी. नरेश रावत, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार संतोष शर्मा, सूबेदार आईना साहिवा, थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह, थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव, उनि. रेनु रावत आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला पुलिस अशोकनगर द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वह प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिला पुलिस अशोकनगर द्वारा माँ जानकी रंगपंचमी करीला मेला वर्ष-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।



### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अपना घर वृद्ध आश्रम अशोकनगर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सचिन जैन, डॉ दीपक रघुवंशी, डॉ नीलेश, डॉ कपिल के द्वारा वृद्ध आश्रम में निवासरत एवं अन्य समस्त वृद्ध जनों का बीपी एवं शुगर परीक्षण ,स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा निशुल्क औषधीय का वितरण किया गया। इसके साथ ही दिनचर्या एवं ऋतुचार्य के महत्व के बारे में बताया गया तथा योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### अनेक स्थानों पर श्रद्धालु हुए शामिल

# ग्राम करैया राय में भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

**अशोकनगर।** पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में ग्राम करैया राय में जैन विमानोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हुए। गांव की गलियों से भगवान विमान में विराजमान होकर शोभायात्रा के रूप में निकले, श्रद्धालुओं ने जगह - जगह आरती उतारी, श्रीफल भेंट किए। इस मौके पर मुनिश्री के मंगल प्रवचनों का आयोजन भी हुआ, उससे पहले भगवान की शांतिधारा और अभिषेक के आयोजन हुए। दोपहर में यह चल समारोह भक्ति भाव से आयोजित किया गया। मुनिश्री के सानिध्य में होने वाले इस



आयोजन को लेकर श्रद्धालु एक तो समारोह में शामिल होने आए थे ही साथ में मुनिश्री के दर्शनों का उन्हें लाभ मिला। इस मौके पर भगवान के अभिषेक से पहले फूलमाल, ज्ञानमाल के आयोजन हुए। मुनिश्री ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि हमे अपने जीवन को सुंदर बनाने के लिए हमेशा प्रयास रहना चाहिए। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धातों का पालन करने और कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की।

**झण्डवा में आज जैन विमानोत्सव का आयोजन**

जिला मुख्यालय की सीमा पर स्थित श्री भूतनाथ दिंगबंर जैन आदिनाथ मंदिर झण्डवा में जैन विमानोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह स्थान अशोकगर और विदिशा जिले के अंतर्गत आता है। अशोकनगर के अरूण जैन लडडू इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में दोनो ही जिलों के श्रद्धालु भाग लेगें, इस आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के 2 मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के 2 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम डेंगा निवासी जितेन्द्र आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने फतेहाबाद निवासी रामदास अहिरवार के पास से 04 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### नाबालिग बालिका को 36 घंटे में किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्ग दर्शन में थाना कदवाया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये नाबालिक बालिका को 36 घण्टे में सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को फरियादी द्वारा उसकी लडकी उम्र 17 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्र0 17/2026 धारा 137 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा तुरंत टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, टीम द्वारा 13 फरवरी शुक्रवार को अपहता को ग्राम रावणी थाना फतेहगढ जिला गुना से दस्तयाब किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, उनि मसीह खान, सउनि. अभिजीत सिंह (सायबर सेल), सउनि. रुमाल सिंह भील, प्रआर रामसिंह, प्रआर. अरविंद रघुवंशी, आर. धर्मेन्द्र दांगी, आर0 रवि राणा, आर. कमल किशोर, आर. सुनील जाटव, आर. प्रशान्त भदौरिया (सायबर सेल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### किसान जागृति यात्रा 20 फरवरी को पहुंचेगी

**अशोकनगर।** किसानों की ज्वलंत समस्याओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही "किसान जागृति यात्रा" 20 फरवरी, शुक्रवार को अशोकनगर पहुंचेगी। यह यात्रा सुबह 11 बजे त्रिदेव मंदिर से शुरू होकर सेन चैराहा ओवर ब्रिज से बस नया बस स्टैंड होते हुए राजमाता चैराहा तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। संयुक्त किसान मोर्चा के जसदेव सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में खेती-किसानी लगातार संकटों से घिरी हुई है। समय पर खाद और बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है, वहीं फसलों के उचित दाम भी नहीं मिल पा रहे हैं। एमएसपी पर खरीद की ठोस व्यवस्था न होने से किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदाएं और फसल बीमा योजनाओं की जटिलताएं किसानों की परेशानी बढ़ा रही हैं। यदि समय रहते किसानों ने अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद नहीं की तो आने वाली पीढ़ियों के सामने रोज़गार और जमीन बचाने का संकट खड़ा हो जाएगा। इसी उद्देश्य से कन्याकुमारी से कश्मीर तक जागरूकता यात्रा निकाली जा रही है, ताकि पूरे देश के किसानों को एकजुट किया जा सके और एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी की मांग को मजबूत बनाया जा सके। संयुक्त किसान मोर्चा, अशोकनगर द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के साथ यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और अपने अधिकारों की लड़ाई में एकजुटता का परिचय दें। यात्रा के दौरान 'जय जवान, जय किसान' के नारों के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन और सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक किसानों से भागीदारी की अपील की है।

## इतिहास का हिस्सा बने 1925 के स्कूल को भुलाने का प्रयास

# 100 वर्ष पूरे, एक सदी के इतिहास को समेटने के नहीं हुए कोई प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

100 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी एक सदी के इतिहास को समेटने वाले अशोकनगर के मिडिल स्कूल क्रमांक 01 के एक शताब्दी वर्ष पर कोई आयोजन नहीं हुए, अगर इस मौके पर पूर्व छात्र सम्मेलनों का आयोजन किया जाता तो भी अच्छा होता। शहर के लोग तत्कालीन कलेक्टर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से अपेक्षाएं करते रहे लेकिन मांग होकर रह गई, हुआ कुछ नहीं और तो और एक नया आदेश सामने आया कि इस स्कूल को सांदीपनि स्कूल में मर्ज किया जाए। जिस पर लोगों को हैरानी भी हुई थी कि जिन संस्थाओं से शहर का इतिहास जुड़ा है कम से कम उन्हें तो एक यादगार के रूप में बनाकर रखा जाए।

2025 में इस स्कूल ने 100 वर्ष का सफर पूरा कर लिया है अब यह 101वां वर्ष चल रहा है, किसी भी संस्था के लिए 100 वर्ष का सफर पूरा करना उसके एक एक वर्ष के इतिहास की गाथांओं से भरा होता है। इस स्कूल ने कितने लोगों का भविष्य संवारा, कितने छात्र पढ़कर शिक्षा के इस मंदिर में शिक्षित हुए, कितने ही शिक्षक शिक्षा की ज्योत जलाने में इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा और संस्कारों से बच्चों को संस्कारित करते रहे। धन्य हैं वह लोग जिन्होंने इस स्कूल की शुरूआत में अपना योगदान दिया, स्कूल के लिए भूमि उपलब्ध कराई, कम से कम स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षा विभाग को ऐसे परिवारों का एक कार्यक्रम कर सम्मानित किया जाना चाहिए था, लेकिन कोई आगे नहीं आया। पूरा शहर राजनीति करने वाले जनप्रतिनिधियों की तरफ देखता रहा कि कम से कम वह इस स्कूल के 100 वर्ष के इतिहास को जिंदा रखने वाली इस इमारत और गौरवशाली सफर को एक नया मुकाम सदी की 100 वर्ष की यात्रा पर जरूर देगें लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब डर यह है कि कहीं इस स्कूल को सांदीपनि स्कूल में मर्ज न कर दिया जाए। इसे बचाने की जिम्मेदारी भी शहर के लोगों पर है।

इस मिडिल स्कूल के सफर की शुरूआत वर्ष 1925 में तब हुई जब अंग्रेजी हुकुमत थी और यह क्षेत्र ग्वालियर रियासत के अंतर्गत आता था। उस समय यहां शिक्षा के कोई केन्द्र नहीं थे। उस समय इस मिडिल स्कूल की स्थापना की गई थी। तब इस स्कूल का नाम एबीएम स्कूल रखा गया था जो आज भी इस विद्यालय के ऊपर लिखा हुआ है जिसे आदर्श विकास मंदिर भी कहा जाता था। इस स्कूल के पहले प्राचार्य होने का गौरव ठाकुर सुधर सिंह चैहान को जाता है। वह यहां के अभिभाषक यशवर्धन सिंह चैहान के दादा थे। इस विद्यालय का भवन आज भी इस 100 वर्ष की गौरव गाथा को कहते हुए देखा जा सकता है। उस समय यह स्कूल चिन्खाडी और चूना से बना था जिसकी इमारत आज भी शहर के मध्य में है। यहा इस भवन में आज भी स्कूल चल रहा है। इस स्कूल के पास अपना एक परिसर है शहर के मध्य किसी स्कूल के पास इतना अच्छा परिसर नहीं है। इस शासकीय विद्यालय की खूबी यह है कि जब देश में प्राइवेट स्कूलों का जमाना नहीं था। तब शासकीय स्कूलों में ही बच्चे पढ़कर इतिहास रचते थे। इस स्कूल में कई नामचीन हस्तियों ने अध्ययन किया और देश में पहचान बनाई।







### स्कूल संचालन के लिए बनाई गई थी कमेटी

उस दौरान जिला ईसागढ़ हुआ करता था तब इस स्कूल को लेकर भूमि का क्रय किया गया। ग्वालियर रियासत के रजिस्टार द्वारा हेड मास्टर एवीएम स्कूल पछार के लिए यह स्कूल देने की स्वीकृति प्रदान की गई। और तत्कालीन रूप से एक कमेटी बनाई गयी। जिसमें माधौप्रसाद और रतिराम चैधरी को वाइस प्रसीडेंट बनाया गया। इस समिति में सेठ चुन्नीलाल, सेठ मूलचंद,डा गोकुल प्रसाद, पंडित वेगशाम नायब तहसीलदार, सेठ धन्नूलाल, सबदलसिंह जमींदार, सेठ मन्नूलाल, सेठ धर्मदास, सेठ पन्नालाल, सेठ सूरजमल, और सेक्रेरटी एवं प्राचार्य सुधर सिंह को बनाया गया था। आज भी इस स्कूल की इमारत पर अशोकनगर के पूर्व नाम पछार का उल्लेख है, कम से कम 100 वर्ष के सफर में कोई आयोजन नहीं हुआ तो कम से कम 101वे सफर में जरूर इसका आयोजन किया जाना चाहिए ताकि 101 का शुभ अंक इसका साक्षी बन सके।

### सुधर सिंह चौहान के प्रयासों से विद्यालय की शुरूआत हुई थी

इस विद्यालय में पहले प्राचार्य रहे ठाकुर सुधर सिंह चैहान के बारे में पोते यशवर्धन सिंह चैहान कहते हैं कि 100 वर्ष पहले उनके दादा उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी ने एक छोटे से गांव घिटौली निवासी रणजीत सिंह के पुत्र सुधर सिंह द्वारा अपनी प्राथमिक शिक्षा गांव के ही छोटे स्कूल से प्रारंभ की किंतु माध्यमिक शिक्षा के लिए उन्हें जिला मुख्यालय पर जाना पड़ा।

### कई हस्तीयां इस स्कूल की छात्र रहीं

जिन हस्तियों के नाम इस स्कूल में छात्र रहने के रूप में आते हैं उनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे शिवचरण माथुर है। जो पास के मढ़ी कानूनगों गांव के निवासी थे। इसी प्रकार छायावादी कवि गिरजाकुमार माथुर जिन्होंने साहित्य की धारा को देश में आगे तक बढ़ाया उन्होंने भी इसी स्कूल में अध्ययन किया था। ऐसा ही एक नाम श्री कृष्ण सरल का भी आता है उन्होंने भी इस विद्यालय में छात्र के रूप में अध्ययन किया और देश भर के क्रांतिकारियों पर अपनी रचनाएं लिखीं। उनका लेखन आज भी इतिहास की धरोहर है।

## कार्रवाई करने में बेबस ग्राम पंचायत

# रिकॉर्ड के अभाव में अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही करोड़ों की सरकारी जमीन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। यहां ग्राम पंचायत भवन के स्वामित्व से संबंधित स्पष्ट रिकॉर्ड न होने के कारण बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों का जाल बिछता जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि जिस भूमि का बाजार मूल्य करोड़ों में है, उसे बचाने के लिए पंचायत के पास कोर्ट में पेश करने के लिए पुख्ता दस्तावेज तक नहीं हैं।

**सर्वे नंबर 162 में दर्ज है भवन, पर सीमाएं लापता** शासकीय रिकॉर्ड के अनुसार, बहादुरपुर का पंचायत भवन सर्वे नंबर 162 की आबादी भूमि पर स्थित है। राजस्व अभिलेखों के बारहखाने में भी पंचायत भवन का उल्लेख है। किंतु विडंबना यह है कि ग्राम पंचायत के पास इस बात का कोई रिकॉर्ड नहीं है कि भवन के लिए वास्तव में कितनी जमीन आवंटित की गई थी। इसी तकनीकी खामी का फायदा उठाकर आस-पास के भू-माफियाओं ने पंचायत भवन को चारों ओर से घेर लिया है।

**5000 वर्गफुट जमीन पर अवैध कब्जा, 2.50 करोड़ का नुकसान** स्थानीय अनुमान के मुताबिक, वर्तमान में करीब 5000 वर्गफुट भूमि अवैध कब्जे की चपेट में है। इस क्षेत्र में भूमि का बाजार मूल्य लगभग 5000 रुपये प्रति वर्गफुट है। इस लिहाज से देखा जाए तो करीब 2.50 करोड़ रुपये की सरकारी संपत्ति पर निजी लोगों ने अपना आधिपत्य जमा लिया है।

**न्यायालय में कमजोर पड़ रहा पंचायत का पक्ष** सूत्रों के अनुसार, पूर्व में एक-दो बार अवैध कब्जों के विरुद्ध तहसील न्यायालय में प्रकरण भी चले। लेकिन हर बार पंचायत प्रशासन को मुंह की खानी पड़ी, क्योंकि उनके पास भूमि की सीमाओं और आवंटन से जुड़ा कोई वैधानिक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। साक्ष्यों के अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। जनपद पंचायत मुंगावली में बहादुरपुर के सदस्य आदित्य त्रिवेदी का कहना था कि जब तक पंचायत के पास स्पष्ट सीमांकन और आवंटन पत्र नहीं होगा, तब तक इस बेशकीमती जमीन को बचाना नामुमकिन है। सीधे तौर पर सार्वजनिक संपत्ति की चोरी है।

### भू स्वामित्व में भी दर्ज नहीं अतिक्रमण कारियों के नाम

करीब एक वर्ष पहले राजस्व विभाग द्वारा आबादी की जमीनों पर मालिकाना हक देने के लिए ड्रोन से सर्वे किया था। इस सर्वे के फाइनल होने के बाद सामने आया है कि ग्राम पंचायत से लगे हुए जो मकान दुकान हैं, वह शासकीय भूमि में हैं, क्योंकि उन्हें इस सर्वे में भू स्वामित्व नहीं दिया। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन और राजस्व विभाग इस मामले में संज्ञान लेकर रिकॉर्ड दुरुस्त कराता है, या फिर बहादुरपुर पंचायत भवन महज एक छोटे से ढांचे में सिमट कर रह जाएगा। इस संबंध में जब जनपद पंचायत मुंगावली के सीईओ आलोक इटोरिया से बात करनी चाही तो वह वीडियो कॉन्फ्रेस बैठक में व्यस्त थे।

# कथा में गोवर्धन पूजा और 56 भोग प्रसादी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



नगर मे कथा बाचक सुरेशचंद्र शास्त्री ने श्रीमद्भागवत में श्री गोवर्धन पूजा का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण की लीला, इंद्र के अभिमान के दमन और प्रकृति-पूजा के महत्व से अवगत कराया। जहाँ श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की इंद्र की भयंकर वर्षा से रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था, जिससे इंद्र का घमंड चूर-चूर हो गया था। यह प्रसंग कृतज्ञता व ईश्वर पर निर्भरता का प्रतीक बन गया, जिसे आज भी अन्नकूट उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पूजा करके हमारी गायों को इंद्र के प्रकोप से बचाया और गायों की रक्षा का महाराज ने उपदेश दिया कि गाय हमारी पूज्यनीय है इसलिए हमें गौ माता की पूजा करनी चाहिए। भगवान को लगाए जाने वाले भोग की बड़ी महिमा है। इनके लिए 56 प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं, जिसे छप्पन भोग कहा जाता है। आठवे दिन जब भगवान ने देखा कि अब इंद्र की वर्षा बंद हो गई है, सभी व्रजवासियो को गोवर्धन पर्वत से बाहर निकल जाने को कहा तब दिन में आठ प्रहर भोजन करने वाले व्रज के नंदलाल कन्हैया का लगातार सात दिन तक भूखा रहना उनके व्रज वासियों और मैया यशोदा के लिए बड़ा कष्ट प्रद हुआ। भगवान के प्रति अपनी अन्न्य श्रद्धा भक्ति दिखाते हुए सभी व्रजवासियो सहित यशोदा जी ने 7 दिन और अष्ट पहर के हिसाब से श्रीमद्भागवत के अनुसार, गोपिकाओं ने एक माह तक यमुना में भोर में ही न केवल स्नान किया, अपितु कात्यायनी मां की अर्चना भी इस मनोकामना से की कि उन्हें नंदकुमार ही पति रूप में प्राप्त हों। श्रीकृष्ण ने उनकी मनोकामना पूर्ति की सहमति दे दी। व्रत समाप्ति और मनोकामना पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ही उद्यापन स्वरूप गोपिकाओं ने छप्पन भोग का आयोजन किया। ऐसा भी कहा जाता है कि गौलोक में भगवान श्रीकृष्ण राधिका जी के साथ एक दिव्य कमल पर विराजते हैं। इस धार्मिक आयोजन की मुख्य आयोजक रेखा मौसी हैं, जिनके विशेष प्रयासों से कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य अरुण कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। भक्तजनों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है तथा आपसी प्रेम, भाईचारा और संस्कारों को बल मिलता है।

# अंजली शर्मा ज्योतिष शिरोमणि सम्मान से सम्मानित हुईं

**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 09 केशोपुर की बहू एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या अंजली शर्मा को ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु "जीवन वैभव अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मान समारोह" में "ज्योतिष शिरोमणि सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन भोपाल में संस्था के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में देशभर से आए ज्योतिष, आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अंजली शर्मा को समाज सेवा, ज्योतिषीय ज्ञान के प्रचार-प्रसार एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कानपुर के वरिष्ठ ज्योतिष आचार्य के.ए. दुबे पद्मेश, पूर्व कैबिनेट मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश ऋषि शुक्ला तथा हेमचंद्र पांडे की उपस्थिति में प्रदान किया गया। आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि शर्मा ने ज्योतिष को केवल भविष्यवाणी तक सीमित न रखकर उसे समाज मार्गदर्शन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि से जोड़ा है। उनके परामर्श से अनेक लोगों को जीवन की नई दिशा और समाधान प्राप्त हुआ है।



# इंदौर की घटना के बाद प्रशासन अलर्ट, नपा अध्यक्ष ने खुद पानी पीकर परखी शुद्धता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की खबर ने पूरे मध्यप्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद पेयजल की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष एक्शन मोड में नजर आए। शहर वासियों को शुद्ध पेयजल का भरोसा दिलाने के लिए उन्होंने न केवल फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया, बल्कि स्वयं वहां का पानी पीकर शुद्धता का प्रमाण भी दिया।

### निरीक्षण के दौरान मानकों की हुई जांच

अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष अचानक फिल्टर प्लांट पहुंचे, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी को शुद्ध करने की पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद इंजीनियरों की टीम को सख्त निर्देश दिए कि क्लोरीनेशन और फिल्ट्रेशन के सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### विपक्ष के आरोपों पर प्रतीकात्मक प्रहार

पिछले कुछ दिनों से विपक्षी दल शहर की पेयजल व्यवस्था पर सवाल उठा रहे थे। इन आरोपों का करारा जवाब देते हुए नपा अध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट से सीधे गिलास में पानी भरा और सबके सामने उसे पिया। इस कदम के जरिए उन्होंने जनता को यह संदेश दिया कि शहर में सप्लाई होने वाला पानी पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित है।

### स्वास्थ्य से समझौता नहीं

मीडिया से चर्चा करते हुए नपा अध्यक्ष ने कहा कि इंदौर की घटना दुःखद है और हम उससे सबक ले रहे हैं। अशोकनगर के नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने आज तकनीकी स्तर पर पानी की जांच करवाई है। जनता निश्चिंत रहे, पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी 24 घंटे जारी रहेगी।

### खास बातें

- औचक निरीक्षण फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं का लिया जायजा।
- तकनीकी जांच इंजीनियरों के साथ मानकों की समीक्षा की।
- भरोसे की पहल खुद पानी पीकर जनता के मन से डर दूर किया।
- कड़ा संदेश लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

# गुरु तेगबहादुर जी की शहादत की 350वीं सालाना याद में 3 दिवसीय गुरूमत समागम के आयोजन की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शुक्रवार को गुरुद्वारा ईशर प्रकाश वरियाम सर पवारगढ़ में तीन दिवसीय महान गुरमत समागम पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघजी की सरपरस्ती में शुरू हुआ। यह समागम श्री गुरु तेग़ बहादुर की पावन शहीदी की 350वी सालाना याद को समर्पित है, जिसमें देश-विदेश से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आज पहले दिन इस पावन स्थान पर सिख पंथ के कई प्रमुख जत्थों ने हाज़िरी भरी।

सचखंडवासी ब्रह्मज्ञानी संत बाबा गुरदीप सिंघ जी ने इस इलाके में दिन रात अथक मेहनत करके जो सत्संग समागम और अमृत संचार की लहर शुरू की थी उसे आज उनके द्वारा वरोसाये हुए। संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघ जी उसी शिद्दत और उत्साह से आगे बढ़ा रहे हैं। संत बाबा सतनाम सिंघजी ने अपने रूहानी प्रवचनों में बताया कि असल में धर्म क्या है, आप जी ने गुरबानी का जिक्र करते हुए कहा कि हर एक को चाहिए कि गुरू वाला बनकर निर्मल कर्म करे, यही वास्तविक धर्म है। जब से सृष्टि बनी है आज तक गुरू के बिना किसी की भी कल्याण या मुक्ति नहीं हुई सो गुरू दीक्षा अत्यंत जरूरी है। सिख धर्म में गुरू दीक्षा अमृत संचार द्वारा दी जाती है, जो कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हुजूरी में पाँच प्यारे ही करवा सकते हैं।

आप जी ने अपने पावन प्रवचनों में बताया कि नौवें गुरुदेव का नाम सबसे पहले श्री गुरु नानक जी ने ही रख दिया था। श्री गुरु नानक जी ने अलमस्त के चेले को जब असम भेजा कि वहाँ रह कर सेवा सिमरन करो तो उसने दर्शनों की इच्छा ज़ाहिर की। गुरु जी बोले कि हम नौवें स्वरूप में वहाँ आकर तुम्हें दर्शन देंगे।उसके पूछने पर कि मुझे कैसे पता चलेगा,गुरु जी बोले, तब हमारा नाम श्री गुरु तेगबहादुर जी होगा। श्री गुरु हर गोबिंद जी ने भी आप जी का नाम तेगबहादुर ही रखा था न कि त्यागमल या कुछ और ।

श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का प्रकाश श्री अमृतसर में पिता श्री गुरु हरगोविंद जी और माता नानकी जी के घर में हुआ। आप जी बचपन से ही कथनी और करनी में पूरे थे। एक बुजुर्ग माता के पोते को गुड न खाने को कहने से पहले उन्होंने स्वयं गुड खाना छोड़ा और फिर सारी ज़िंदिगी गुड नहीं खाया, हाँ गुड का प्रसाद ज़रूर बाँटा। बाबाजी ने बताया कि आज हमारे देश में प्रचारकों की कमी नहीं है, बहुत हैं, पर वैसा आदर्श जीवन न होने के कारण वो असर नहीं है। गुरू घर में करनी प्रधान है श्री गुरू तेग बहादुर जी ने बचपन से ही त्याग की अद्वितीय मिसाल पेश की। स्वयं का भोजन ,स्वयं के कपड़े तक जरुरतमंदों को दे आया करते थे। गुरु पिता श्री गुरु हरगोबिंद जी ने वचन किया कि वक्त आने पर यह स्वयं का जीवन का भी परोपकार में त्याग कर देंगे। श्री तेग़ बहादुर जी का विवाह गुज़री जी से हुआ, हमें तो अब माता गुज़र कौर जी कहना चाहिए। विवाह के बाद गुरु पिता जी ने आप दोनों को बकाला साहिब भेजा। जहाँ आप जी ने और माता गुज़र कौर जी ने 26 साल 9 महीने 13 दिन तक बहुत भारी तपस्या की और दांपत्य जीवन में भी संयम और त्याग का एक अनूठा आदर्श स्थापित किया।

बाबाजी ने अपने प्रवचनों में कहा कि एक सिख गौ-गरीब की रक्षा में लगाता है, कन्या भूरण हत्या करने करवाने वाला कभी भी सिख नहीं हो सकता। एक सिख को चाहिए कि गुरु वाला बनकर सत्कर्म करता हुआ अपना जीवन व्यतीत करे। एक सच्चा सिख न किसी से डरता है न किसी को डराता है। वो सदा रब के निर्मल भय में रहकर गुरु के वचन कमाता हुआ गुरु साहिब की ख़ुशियाँ प्राप्त करता है। जब से गुरुद्वारा साहिब की स्थापना हुई है गुरु का लंगर अटूट वरत रहा है। हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर छका और रूहानी प्रवचनों का लाभ लिया। 15 फ़रवरी रविवार को अमृत संचार होगा। सभी अमृत अभिलाषी जनों से निवेदन है कि अमृत छक कर जन्म सफल करें।

कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप

# बीपीएल राशन कार्ड में हेराफेरी का आरोप जांच के घेरे में आंगनबाड़ी सहायिका

## सीएमओ बोले - प्रथम दृष्टया गड़बड़ी, महिला बाल विकास विभाग सख्त, दस्तावेज गलत मिले तो सेवा समाप्ति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





कथित कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नगर के वार्ड नंबर 13 (2) की आंगनबाड़ी सहायिका ने नौकरी हासिल करने और बीपीएल राशन कार्ड में नियमों की अनदेखी कर नाम स्वयं व बेटे का नाम जुड़वाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच ने पूरे प्रकरण को गंभीर बना दिया है और अब संबंधित आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी पर संकट गहराता नजर आ रहा है।

नगर प्रशासन के सीएमओ इकरार अहमद ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि प्रथम दृष्टया दस्तावेजों में गड़बड़ी या गलती दिखाई दे रही है, हालांकि अंतिम स्थिति जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। विभागीय सीडीपीओ लवकेश अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि दस्तावेज कूट रचित या नियम विरुद्ध पाए गए तो संबंधित महिला की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

### बिना एसडीएम की अनुशंसा के कैसे जुड़ गया बीपीएल में नाम

आंगनबाड़ी सहायिका रजनी व उनके बेटे का बीपीएल कार्ड में नाम बिना एसडीएम की अनुशंसा के जोड़ दिया गया। वहीं आरटीआई में दिए गए जबाव में नाम जोड़ने का आधार पार्षद की अनुशंसा व दिया गया शपथ बताया गया है जो अपने आप में हैरत करने वाली बात है। जांच के दायरे में आई रजनी लोधी पर आरोप है कि बीपीएल राशन कार्ड में पात्रता नियमों को दरकिनार कर नाम जोड़े गए, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले ने सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और पात्रता निर्धारण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह मामला विभागीय कार्रवाई से आगे बढ़कर कानूनी दायरे में भी जा सकता है। अब पूरे मामले में जांच रिपोर्ट का इंतजार है, जो तय करेगी कि यह लापरवाही थी या सुनियोजित फर्जीवाड़ा।

### बीपीएम कार्डहोल्डर सालों से है शहर से गायब

जिस व्यक्ति के नाम पर बीपीएल जारी किया गया था वह राजाराम लोधी को वार्डवासियों ने सालों ने नहीं देखा है। वह ललितपुर का रहने वाला था। ऐसा बताया जा रहा है कि वह अपने घर ही चला गया हो। ऐसे में जब बीपीएल कार्ड होल्डर ही सालों से यहां नहीं है तब रजनी स्वयं का व अपने बेटे का नाम कैसे जुड़वा सकती है जबकि रजनी के पति लखन का नाम बीपीएम सूची में है ही नहीं।

### क्या है पूरा मामला

- कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप
- बीपीएल राशन कार्ड में नियम विरुद्ध नाम जोड़ने की शिकायत
- सीएमओ ने माना मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध
- महिला बाल विकास विभाग ने दी सख्त चेतावनी
- दस्तावेज गलत पाए गए तो सेवा समाप्ति तय
- विभागीय जांच जारी, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

### क्यों महत्वपूर्ण है मामला

- सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल
- पात्रता सत्यापन प्रणाली की विश्वसनीयता पर असर
- विभागीय निगरानी तंत्र पर उठे प्रश्न
- दोष सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई संभव

### इनका कहना है...

प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट के बाद होगा।

**इकरार अहमद, सीमएओ नगरीय प्रशासन ब्यावरा**

यदि दस्तावेज गलत पाए गए तो संबंधित कर्मचारी की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

**लवकेश अग्रवाल, सीडीपीओ महिला बाल विकास ब्यावरा**

## कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैए को लेकर 16 को धरना



**कुरावर।** ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में 16 फरवरी को नगर पंचायत कुरावर के कांग्रेस के पार्षदों के साथ मिलकर धरना दिया जाएगा। नगर परिषद कुरावर द्वारा कांग्रेस के पांचो पार्षदों के साथ पिछले 2 वर्ष से भेदभाव पूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। जिन कार्यों की स्वीकृति एक से दो वर्ष पहले हो चुकी है लेकिन आज दिनांक तक उन कार्यों को चालू नहीं किया गया न कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब दिया जा रहा है। इसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कुरावर एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में सभी पार्षद नेतागण कार्यकर्ता सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कुरावर शहर के वार्ड वासी एवं आम नागरिक उपस्थित रहेंगे। सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपील है की सभी कार्यकर्ता नगर पंचायत के सामने धरना आंदोलन में पधारने का कष्ट करें।

## नगर की जीवनदायनीय कालीसिंध किनारे पड़ा कचरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर का निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने की अधिकृत जानकारी नगर पालिका स्वच्छता विभाग को है किंतु नगर के जागरूक नागरिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाडल्या रोड पुराने शमशान परिसर के आसपास बड़ी मात्रा में शहर से निकला कचरा बदबू मार रहा है। इसी मार्ग पर खेड़ापति हनुमान मंदिर पीर मिट्ठे दरगाह एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम सहित नरसिंह मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग है ऐसे में गर्मी के मौसम में उक्त कचर हवा से उड़कर नगर की जीवन दायनीय कालीसिंध नदी में मिलने के साथ ही शेष जमा कचरा बदबू मार रहा है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अव्यवस्था

नगर से निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने का क्रम जारी है किंतु उक्त कचरा अब टेंचिंग ग्राउंड से मुख्य मार्ग पर जोड़ने वाली सड़क पर आ गया लेकिन इस और अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाएं गए।

### इनका कहना

सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है। ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए टेंडर जारी हुआ है जल्द ही मशीनें लगाई जाएगी।

**ज्योति सुनहरे सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर**

## फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ केएल बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार दबिश एवं तलाश अभियान चलाया गया। 10 जनवरी को पीड़िता द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी लखपत गुर्जर निवासी ग्राम सराना, थाना नरसिंहगढ़ द्वारा उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 22/26 धारा 64(1), 64(2)(उ), 87, 351(3) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश की गई। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 11 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जहां से अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**जीरापुर।** शिवरात्रि के अवसर पर नगर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 13 फरवरी से शुरु हो गया। कथा का नौ दिवसीय आयोजन का समापन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण से होगा। शिव महापुराण कथा का श्रवण पं. अनुराग कृष्ण महाराज के मुखारविंद से प्रथम दिवस हुआ जिसमें शिव महिमा एवं भगवान शिव के प्रसंग का मार्मिक ढंग से चित्रण करते हुए बताया कि शिव जगत के पालनहार हैं जो बहुत जल्दी प्रसन्न होकर भक्तों पर कृपा करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व एवं शिवमहापुराण कथा को लेकर 9 फरवरी से विभिन्न धार्मिक आयोजन का क्रम जारी हुआ जहां पर शिव विवाह समारोह के आयोजन का श्री गणेश किया गया जिसमें लग्न लिखना एवं भेजना एवं बारात का बाना करना तथा अन्य आयोजन रखे गए।

## छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश चितेंद्र सिंह सोलंकी ने छेड़छाड़ एवं लैंगिक उत्पीड़न के मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 750/2025 में बद्रीलाल पिता कन्हैयालाल नागर एवं अजय पिता सियाराम सेन निवासी दराना, जिला राजगढ़ को दोषसिद्ध पाया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 75(1)(पअ)(3) के अंतर्गत छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास एवं 1000-1000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने 24 अगस्त 2025 को थाना लीमा चौहान में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 21 अगस्त 2025 को लोन संबंधी कार्य से एक व्यक्ति के घर आने के बाद पीड़िता घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए हाथ पकड़ लिया और अशोभनीय टिप्पणियां करते हुए धमकी दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी फरार हो गए तथा गांव में उसके बारे में अफवाह फैलाने लगे। पुलिस ने त्वरित विवेचना कर साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। साथ ही पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ति प्रतिकर योजना 2015 के तहत सहायता देने की अनुशंसा की गई।

जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

## जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लेकर किया प्रचार-प्रसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिले की गोरखपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रोज्या में जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने सतत एवं शुद्ध जल आपूर्ति की खुशी में अपने घरों के बाहर रंगोलियां सजाईं तथा नल कनेक्शन के समीप दीप प्रज्वलित कर जल दिवाली मनाई। शुक्रवार को जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मिडिल स्कूल परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ। साथ ही इसमें बच्चे जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लिए अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे, उनके पीछे कन्याएं मंगल कलश लेकर शामिल हुईं। ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं जल निगम के अधिकारी- कर्मचारी जल संरक्षण, जल बचाव और जल कर भुगतान के प्रति जागरूकता के नारे लगाते हुए सम्मिलित हुए। रैली पूरे ग्राम का भ्रमण कर ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुई।

इसके बाद मुख्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्यामसिंह दांगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चैधरी एवं पूर्व सरपंच भारत सिंह वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जगदीश दांगी ने की।

### जल की बर्बादी रोकने का किया आह्वान

अतिथियों ने अपने संबोधन में योजना के सफल संचालन हेतु नलों में टोंटियां लगाए रखने, जल की बर्बादी रोकने तथा समय पर जल प्रभार राशि जमा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से लाया गया जल ग्राम की नल-जल योजना के लोक समर्पण के प्रतीक स्वरूप अतिथियों द्वारा एक विशाल कलश में अर्पित किया गया।जल निगम महाप्रबंधक ने नल-जल योजना से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज पंचायत सरपंच एवं सचिव को सौंपे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ही पंचायत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से जल कर के बल्क बिल की राशि जल निगम खाते में हस्तांतरित की गई। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर को पानी की गुणवत्ता जांच के लिए फील्ड टेस्टिंग किट भी वितरित की गई।

## नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर में 19 यूनिट रक्त संग्रह किया



**नरसिंहगढ़।** स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता (नानाजी) की पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ, तहसील नरसिंहगढ़ के तत्वावधान में 13 फरवरी को सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ में दोपहर 12 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 19 यूनिट रक्त दान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी तथा अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश विजय वर्गी ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, जया भंडारी, साधना अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भोलेनाथ स्थान ब्लडी हासरोद में समस्त ग्राम वासियो के द्वारा आयोजित भागवत कथा एवं रुद्रयज्ञ के चौथे दिवस कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्द घर आनन्द भयो के साथ पूरा पांडाल झूम उठा,, कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा, सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान की प्राप्ति हो जाती है ओर कहा कि अपने घर मे अपने माता पिता ओर बड़ो बूड़ो की सेवा सम्मान हमेसा करना चाइये एवम उनके साथ बैठने का समय निकालो जिससे हमें उनके अनुभव और अच्छी सीख मिल सके। ये कथा 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगी। ग्रामवासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को आने की अपील की हैं।

शहर के आसपास कचरे का लगा ढेर, नदी हो रही प्रदूषित

## सुरक्षा के अभाव में कचरा मशीन बनी शो पीस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी के सपने को साकार करते हुए पूरे भारत वर्ष में स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू की गई। इसके तहर गांव एवं नगरों में घरों से मिलने वाला कचरा उठाने तथा नियत स्थान पर डालने के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए तथा टेंचिंग ग्राउंड पर एकत्रित कचरे का निष्पादन करने एवं कचरे से जैविक खाद बायो डीजल आदि बनाने के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए। इतना ही नहीं टेंचिग ग्राउंड पर गीला कचरा सूखा कचरा सहित प्लास्टिक पॉलीथिन आदि का अलग अलग भंडारण कर निष्पादन हेतु लाखों की मशीनें उपलब्ध कराई गई ताकि गांव एवं शहर कचरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। लेकिन प्रधानमंत्री के सपनों में सारंगपुर में कचरा वाहनों पर स्वच्छता गीत के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता है। कचरा वाहन गलियों में पहुंचते है और स्वच्छता के गाने गुनगुनाते सुनते ही घर एवं दुकान वाले अपना कचरा गाड़ियों में डालते हैं। वही कचरा गाड़ी उस कचरे को ले जाकर शहर के उत्तर एवं दक्षिण भाग में खाली कर आ जाते हैं लेकिन उस कचरे के निष्पादन की कोई प्रक्रिया समाचार लिखे जाने तक शुरू नहीं की गई।

सारंगपुर नगर पालिका को कचरा निष्पादन के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मशीनें राज्य शासन की और से उपलब्ध कराई गई थी ताकि शहर कचरा मुक्त दिखे लेकिन जो मशीनें उपलब्ध ही थी उन मशीनों को नगर के पुराने फिल्टर प्लांट प्रांगण में शो पीस के रूप में रखवाई गई है उन पर वर्षों से धूल जम रही हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में सारंगपुर नपा सीएमओ ज्योति सुनहरे का कहना है कि सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है, जल्दी ही शुरू होगी।

विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया

## खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु , नगर से निकली झंडा यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर को भव्य रूप दिया गया था। श्रद्धालु श्रृंगार और सुसज्जित दरबार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखे।

कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम जारी रहा। दोपहर और शाम की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन भक्ति और उत्साह से भरा रहा तथा नगर के लिए यादगार बन गया। विजया एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक था।